**जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 03 जुलाई, 2023 को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत सम्पादित कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा के सम्बन्ध में बैठक का कार्यवृत्त।**

दिनांक 03 जुलाई, 2023 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत फर्म मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 एवं मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट लि0 तथा समस्त आई0एस0ए0 एजेन्सीज, विंग्स, बी0सी0एस0, ऑरना फाउण्डेशन द्वारा कराये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में जिलाधिकारी कार्यालय, प्रतापगढ़ में आवश्यक बैठक आहूत की गयी जिसमें निम्न अधिकारी एवं फर्म के प्रतिनिधि उपस्थित रहे –

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जिलाधिकारी | अध्यक्ष |
| 2 | मुख्य विकास अधिकारी | उपाध्यक्ष |
| 3 | जिला विकास अधिकारी | सदस्य |
| 4 | प्रभागीय वनाधिकारी | सदस्य |
| 5 | मुख्य चिकित्साधिकारी | सदस्य |
| 6 | जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी | सदस्य |
| 7 | जिला कृषि अधिकारी | सदस्य |
| 8 | जिला सूचना अधिकारी | सदस्य |
| 9 | अधिशासी अभियन्ता वाटर रिसोर्सेस/सिंचाई | सदस्य |
| 10 | सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई | सदस्य |
| 11 | अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रतापगढ़। | सदस्य सचिव |
| 12 | जिला पंचायत राज अधिकारी | आमंत्रित सदस्य |
| 13 | अधिशासी अभियन्ता, (प्रान्तीय खण्ड/खण्ड–1/खण्ड–2), लोक निर्माण विभाग, प्रतापगढ़। | आमंत्रित सदस्य |
| 14 | अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रतापगढ़। | आमंत्रित सदस्य |
| 15 | जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, प्रतापगढ़ | अनुश्रवण इकाई |
| 16 | प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 (जे0वी0) 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई। | कार्यदायी संस्था |
| 17 | उप महाप्रबन्धक, मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट–भूरथनम कन्स्ट्रक्शन (जेवी), प्लाट नं0– 77, जुबली इन्क्लेव, मधापुर, हैदराबाद। | कार्यदायी संस्था |
| 18 | उप परियोजना प्रबन्धक, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट, क्लस्टर–15, प्रतापगढ़ (टी0पी0आई0ए0)। | टी0पी0आई0ए0 |

**बिन्दु संख्या– 1**

सूचीबद्ध फर्मों की समीक्षा के दौरान अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट लि0 द्वारा आवंटित 454 नग (1022 राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 380 नग (835 राजस्व ग्राम) पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, प्रस्तावित 562 नग नलकूप के सापेक्ष 322 नग स्थानों पर ट्यूबवेल लोवरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं प्रस्तावित 454 शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 284 नग स्थानों पर कार्य प्रगति पर है, प्रस्तावित 214345 नग क्रियाशील गृह नल संयोजन के सापेक्ष सीधे पम्पिंग द्वारा 28245 नग क्रियाशील गृह नल संयोजन

प्रदान किया जा चुका है तथा मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 द्वारा आवंटित 369 नग (766 राजस्व ग्राम) योजनाओं के सापेक्ष 254 नग (542 राजस्व ग्राम) पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रगति पर है, प्रस्तावित 421 नग नलकूप के सापेक्ष 191 नग स्थानों पर ट्यूबवेल लोवरिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं प्रस्तावित 341 शिरोपरि जलाशय के सापेक्ष 251 नग स्थानों पर कार्य प्रगति पर है, प्रस्तावित 180672 नग क्रियाशील गृह नल संयोजन के सापेक्ष सीधे पम्पिंग द्वारा 98242 नग क्रियाशील गृह नल संयोजन प्रदान किया जा चुका है। एक भी ओवर हेड टैंक से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ न करने के कारण समिति द्वारा कड़ा रोष व्यक्त किया गया एवं समिति द्वारा निर्देशित किया गया कि प्रगति युद्धस्तर पर बढ़ाते हुए कार्यस्थल पर वांछित लेबर, T&P की व्यवस्था कर कार्य को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित करें एवं प्रतिदिन जनपद में 1000 नग एफ0एच0टी0 पेयजल योजनाओं में प्रदान किये जाय। इसके अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को समिति द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि सूचीबद्ध फर्मों द्वारा पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य की प्रगति रिपोर्ट संक्षिप्त रूप में आगामी बैठक से प्रस्तुत करें।

बिन्दु संख्या– 2

समिति द्वारा सड़कों के पुर्नस्थापना को लेकर कड़ा रोष व्यक्त किया गया एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) एवं सूचीबद्ध दोनों फर्मों को निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने हेतु लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग की क्षतिग्रस्त हुई सड़कों का गुणवत्तापूर्ण मरम्मत लोक निर्माण विभाग एवं ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग की संतुष्टि के अनुसार कराना सुनिश्चित करें। यदि भविष्य में क्षतिग्रस्त सड़क के कारण कोई दुर्घटना होती है तो अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) के विरूद्ध विधिक रूप से कानूनी कार्यवाही की जायेगी। अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) को यह भी निर्देशित किया गया कि ग्रामीण सड़कों के मरम्मत के उपरान्त सम्बन्धित प्रधानों से संतुष्टि प्रमाण–पत्र किया गया।

बिन्दु संख्या– 3

फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि कुछ ग्राम पंचायतों में ग्रामीण कनेक्शन लेने में इच्छुक नहीं है, जिस सम्बन्ध में समिति द्वारा आई0एस0ए0 को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर ग्रामीण कनेक्शन लेने में इच्छुक नहीं है उन स्थानों पर जन–जागरूकता अभियान चलाकर कनेक्शन लेने हेतु उन ग्रामीणों को जागरूक कराना सुनिश्चित करें।

बिन्दु संख्या– 4

सूचीबद्ध फर्मों द्वारा अवगत कराया गया कि पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्य हेतु 47 भूमि विवादित है, जिस कारण उन ग्रामों में पेयजल योजना का निर्माण कार्य कराना सम्भव नहीं हो पा रहा है। इस सम्बन्ध में समिति द्वारा सम्बन्धित मुख्य राजस्व अधिकारी/उपजिलाधिकारी/तहसीलदार/लेखपाल से मिलकर युद्धस्तर पर सुलझाने हेतु निर्देशित किया गया।

अन्त में उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए समिति की बैठक सम्पन्न की गयी।

07/08/2023

अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)/
डी0डब्ल्यू0एस0एम0,
प्रतापगढ़।

मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
प्रतापगढ़।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
प्रतापगढ़।

# कार्यालय जिलाधिकारी, प्रतापगढ़।

पत्रांक : 4996 / ω-49 / 760 दिनांक : 04-8-20

**प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4. मुख्य अभियन्ता (का0क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
5. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
6. जिला विकास अधिकारी, प्रतापगढ़।
7. मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतापगढ़।
8. प्रभागीय वनाधिकारी, प्रतापगढ़।
9. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रतापगढ़।
10. जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रतापगढ़।
11. जिला कृषि अधिकारी, प्रतापगढ़।
12. जिला सूचना अधिकारी, प्रतापगढ़।
13. अधिशासी अभियन्ता, वाटर रिर्सोर्सेस/सिंचाई।
14. सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, प्रतापगढ़।
15. अधिशासी अभियन्ता, (प्रान्तीय खण्ड/खण्ड–1/खण्ड–2), लोक निर्माण विभाग, प्रतापगढ़।
16. अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रतापगढ़।
17. जिला समन्वयक, जिला परियोजना अनुश्रवण इकाई, प्रतापगढ़।
18. प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 जे0एम0सी0–एल0सी0ई0सी0पी0एल0 (जेवी)/मेसर्स जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट इण्डिया लि0, 06 तल, कलपतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई।
19. उप महाप्रबन्धक, मेसर्स पॉवर मेक प्रोजेक्ट–भुरथनम कान्स्ट्रक्शन (जेवी), प्लाट नं0– 77, जुबली इन्क्लेव, हाईटेक ऑकेड, मधापुर, हैदराबाद।
20. टीम लीडर, मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 (टी0पी0आई0)।
21. समस्त आई0एस0ए0, जनपद– प्रतापगढ़।
22. मेसर्स विंग्स, लखनऊ/मेसर्स ऑरना फाउण्डेशन, लखनऊ/मेसर्स बी0सी0एस0, लखनऊ।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
प्रतापगढ़।